रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 03/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** जब प्रकाश की किरण एक गोलीय लेंस के प्रकाशिक केंद्र से होकर गुजरती है, तो यह _______ ।

**Ans**
✗ A. फोकस की ओर मुड़ जाती है
✓ B. अविचलित उभरती है
✗ C. अभिलंब से विचलित हो जाती है
✗ D. हमेशा परावर्तित होती है

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा ऊतक, अत्यधिक प्रत्यास्थ होता है और हमारे शरीर में दो अस्थियों को जोड़े रखने में सहायक होता है?

**Ans**
✗ A. महाभक्षकाणु (Macrophage)
✗ B. वसाणु (Adipocyte)
✗ C. मास्ट कोशिका (Mast cell)
✓ D. स्नायु (Ligament)

**Q.3** स्पाइरोगाइरा (Spirogyra) में, प्रत्येक खंड एक पूर्ण जीव में विकसित हो जाता है। इसका संभावित कारण क्या हो सकता है?

**Ans**
✓ A. प्रत्येक कोशिका स्वतंत्र वृद्धि करने में सक्षम होती है।
✗ B. प्रत्येक खंड में जड़ें होती हैं।
✗ C. प्रत्येक खंड में जटिल अंग होते हैं।
✗ D. विखंडन केवल प्रयोगशाला स्थितियों में ही होता है।

**Q.4** जनन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

1. बैल अकेले ही बछड़ा पैदा कर सकता है।
2. मुर्गियाँ अकेले नये चूज़े उत्पन्न नहीं कर सकतीं।

**Ans**
✗ A. कथन 1 सत्य है लेकिन कथन 2 असत्य है।
✗ B. दोनों कथन असत्य हैं।
✗ C. दोनों कथन सत्य हैं।
✓ D. कथन 2 सत्य है लेकिन कथन 1 असत्य है।

| Q.5 | निम्नलिखित अभिक्रिया Fe + $CuSO_4 \rightarrow FeSO_4$ + Cu में, लोहा __________ । |
|---|---|
| Ans | ✔ A. ऑक्सीकृत हो जाता है |
| | ✗ B. अपरिवर्तित रहता है |
| | ✗ C. उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है |
| | ✗ D. अपचयित हो जाता है |

| Q.6 | किसी परिनालिका के अन्दर चुम्बकीय क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. यह एकसमान समान्तर सीधी रेखाओं के रूप में होता है। |
| | ✗ B. यह असमान होता है। |
| | ✗ C. यह यादृच्छिक पैटर्न बनाता है। |
| | ✗ D. यह शून्य होता है। |

| Q.7 | अपच के दौरान, आमाशय बहुत अधिक अम्ल उत्पन्न करता है, जिसे निम्नलिखित में से किसके द्वारा निष्प्रभावित किया जा सकता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. मैग्नीशियम कार्बोनेट (मिल्क ऑफ मैग्नीशिया) |
| | ✗ B. मैग्नीशियम सल्फेट (मिल्क ऑफ मैग्नीशिया) |
| | ✔ C. मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड (मिल्क ऑफ मैग्नीशिया) |
| | ✗ D. मैग्नीशियम ऑक्साइड (मिल्क ऑफ मैग्नीशिया) |

| Q.8 | निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था, वाष्पीकरण की दर में वृद्धि नहीं करेगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पृष्ठीय क्षेत्रफल में वृद्धि |
| | ✔ B. पवन चाल में कमी |
| | ✗ C. तापमान में वृद्धि |
| | ✗ D. आर्द्रता में कमी |

| Q.9 | वृत्तीय लूप के कारण चुंबकीय क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. क्षेत्र रेखाएं लूप के तल के समानांतर होती हैं। |
| | ✗ B. लूप के परित: प्रत्येक स्थान पर क्षेत्र एकसमान होता है। |
| | ✔ C. क्षेत्र धारा और त्रिज्या पर निर्भर करता है। |
| | ✗ D. केंद्र पर क्षेत्र रेखाएँ वृत्तीय होती हैं। |

| Q.10 | निम्नलिखित में से कौन-सा नेत्र दोष, मुख्य रूप से उम्र के साथ समंजन क्षमता के दुर्बल होने के कारण होता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अबिंदुकता (Astigmatism) |
| | ✗ B. निकटदृष्टिता (Myopia) |
| | ✗ C. दूरदृष्टिता (Hypermetropia) |
| | ✔ D. जरा दूरदर्शिता (Presbyopia) |

| Q.11 | एक आनुवंशिक प्रयोगशाला में, एक निषेचित मानव भ्रूण में XX गुणसूत्र पाए जाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भ्रूण में एक अतिरिक्त Y गुणसूत्र होता है। |
| | ✔ B. भ्रूण मानव मादा बन जाएगा। |
| | ✗ C. भ्रूण में लिंग गुणसूत्रों का अभाव होता है। |
| | ✗ D. भ्रूण मानव नर बन जायेगा। |

| | |
|---|---|
| Q.12 | किस विभज्योतकी ऊतक में ऑक्सिन (Auxin) का स्तर सर्वाधिक होता है? |
| Ans | ✗ A. पार्श्वीय विभज्योतकी ऊतक (Lateral Meristematic tissue) |
| | ✗ B. जाइलम (Xylem) |
| | ✗ C. अंतर्वेशी विभज्योतकी ऊतक (Intercalary Meristematic tissue) |
| | ✓ D. शीर्षस्थ विभज्योतकी ऊतक (Apical Meristematic tissue) |

| | |
|---|---|
| Q.13 | निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा एक समांगी मिश्रण है? |
| Ans | ✓ A. वायु |
| | ✗ B. तेल और जल |
| | ✗ C. रेत और लोह चूर्ण |
| | ✗ D. मृदा |

| | |
|---|---|
| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक संतृप्त हाइड्रोकार्बन के रूप में वर्गीकृत है? |
| Ans | ✗ A. एथीन (Ethene) |
| | ✗ B. एथाइन (Ethyne) |
| | ✗ C. बेंजीन (Benzene) |
| | ✓ D. एथेन (Ethane) |

| | |
|---|---|
| Q.15 | अनाज के भंडारण के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सी एक जैविक हानि नहीं है? |
| Ans | ✗ A. कीटों के कारण हानि |
| | ✗ B. सूक्ष्मकीटों के कारण हानि |
| | ✓ C. अनुपयुक्त नमी के कारण हानि |
| | ✗ D. कृंतकों के कारण हानि |

| | |
|---|---|
| Q.16 | किसी गतिमान पिंड द्वारा अपनी गति के कारण प्राप्त की गयी ऊर्जा ___________ कहलाती है। |
| Ans | ✗ A. तापीय ऊर्जा |
| | ✓ B. गतिज ऊर्जा |
| | ✗ C. रासायनिक ऊर्जा |
| | ✗ D. स्थितिज ऊर्जा |

| | |
|---|---|
| Q.17 | जल के नीचे रहने के लिए जंतुओं द्वारा किस गैस का उपयोग किया जाता है? |
| Ans | ✗ A. शुष्क कार्बन डाइऑक्साइड |
| | ✗ B. नाइट्रोजन |
| | ✓ C. घुलित ऑक्सीजन |
| | ✗ D. कार्बन डाइऑक्साइड |

| | |
|---|---|
| Q.18 | निम्नलिखित यौगिक का IUPAC नाम क्या है?<br>$CH_3CHBrCH_2CH_2CH_3$ |
| Ans | ✓ A. 2-ब्रोमोपेन्टेन (2-Bromopentane) |
| | ✗ B. 1-ब्रोमोपेन्टेन (1-Bromopentane) |
| | ✗ C. 3-ब्रोमोपेन्टेन (3-Bromopentane) |
| | ✗ D. 2-ब्रोमोपेन्टीन (2-Bromopentene) |

| Q.19 | प्लास्टर ऑफ पेरिस निम्नलिखित में से किसे गर्म करके विरचित किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. जिप्सम |
| | ✘ B. चूना पत्थर |
| | ✘ C. बुझा हुआ चूना |
| | ✘ D. बेकिंग सोडा |

| Q.20 | निम्नलिखित में से कौन-सी जीवन प्रक्रिया, ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में ग्लूकोज के विघटन का कारण बनती है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. किण्वन |
| | ✘ B. पाचन |
| | ✘ C. उत्सर्जन |
| | ✘ D. वायवीय श्वसन |

| Q.21 | किसी वस्तु का पृथ्वी पर भार 24 N है। चंद्रमा की सतह पर उसका भार कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 144 N |
| | ✔ B. 4 N |
| | ✘ C. 240 N |
| | ✘ D. 6 N |

| Q.22 | किसी पिंड को एकसमान गति में कहा जाता है, यदि ________। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. यह समान समय अंतराल में असमान दूरियां तय करता है |
| | ✘ B. यह असमान समय अंतराल में असमान दूरियां तय करता है |
| | ✔ C. यह समान समय अंतराल में समान दूरियां तय करता है |
| | ✘ D. यह असमान समय अंतराल में समान दूरियां तय करता है |

| Q.23 | मस्तिष्क को चिंतन गतिविधियों के लिए क्या उपयुक्त बनाता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. इसका चिकना पृष्ठ |
| | ✘ B. इसका हृदय से संबंध |
| | ✔ C. कई न्यूरॉन्स वाली इसकी जटिल व्यवस्था |
| | ✘ D. कानों के पास इसकी अवस्थिति |

| Q.24 | बड़े हॉल या ऑडिटोरियम में ध्वनि के कई परावर्तनों का प्रभाव क्या होता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. यह ध्वनि के एकसमान वितरण में मदद करता है |
| | ✘ B. यह सभी प्रतिध्वनियों को समाप्त कर देता है |
| | ✘ C. यह ध्वनि को ऊष्मा में रूपांतरित करता है |
| | ✘ D. यह ध्वनि प्रसार को अवरुद्ध करता है |

| Q.25 | निम्नलिखित में से कौन-सी राशि, विस्थापन-समय ग्राफ में ढाल को निरूपित करती है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. चाल |
| | ✔ B. रैखिक वेग |
| | ✘ C. त्वरण |
| | ✘ D. दूरी |

Section : **Mathematics**

| Q.26 | P और Q की वर्तमान आयु का अनुपात 4 : 3 है। छह वर्ष बाद, अनुपात 5 : 4 होगा। उनकी वर्तमान आयु के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 8 वर्ष |
| | ✗ B. 10 वर्ष |
| | ✓ C. 6 वर्ष |
| | ✗ D. 4 वर्ष |

| Q.27 | एक त्रिभुज की भुजाएँ 148 cm, 57 cm और 175 cm हैं। 57 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसकी ऊँचाई की लंबाई (cm में) कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 121 |
| | ✗ B. 177 |
| | ✓ C. 140 |
| | ✗ D. 188 |

| Q.28 | एक ऊर्ध्वाधर मीनार की छाया की लंबाई उसकी ऊँचाई के बराबर है। उन्नयन कोण ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 45° |
| | ✗ B. 75° |
| | ✗ C. 60° |
| | ✗ D. 30° |

| Q.29 | 88 फ़ोन बेचने के बाद, एक दुकानदार को 8 फ़ोनों के विक्रय मूल्य के बराबर हानि हुई। उसकी हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $6\frac{1}{4}\%$ |
| | ✗ B. $12\frac{1}{2}\%$ |
| | ✗ C. 10% |
| | ✓ D. $8\frac{1}{3}\%$ |

| Q.30 | 480 और 489 के बीच आने वाली अभाज्य संख्याओं की संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2 |
| | ✗ B. 3 |
| | ✓ C. 1 |
| | ✗ D. 0 |

| Q.31 | $\frac{(3x)^3-(4z)^3}{9x^2+12xz+16z^2} \times (3x+4z)$ को सरलीकृत कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $\frac{1}{9x^2+16z^2}$ |
| | ✗ B. $9x^2+16z^2$ |
| | ✗ C. $\frac{1}{9x^2-16z^2}$ |
| | ✓ D. $9x^2-16z^2$ |

| | |
|---|---|
| Q.32 | $\dfrac{2\frac{1}{2} \div \frac{5}{8} + \frac{3}{4} \times \frac{2}{3} - \frac{5}{6}}{(15-6)^2 \div 9 + \frac{1}{2}}$ को सरल कीजिए। |
| Ans | ✗ A. $\frac{17}{57}$ |
| | ✗ B. $\frac{18}{57}$ |
| | ✗ C. $\frac{20}{57}$ |
| | ✓ D. $\frac{22}{57}$ |

| | |
|---|---|
| Q.33 | सचिन ने 12% की छूट पर एक नया पर्दा लिया। यदि सचिन को कोई छूट नहीं मिलती, तो उसे ₹747 अतिरिक्त देने पड़ते, तो सचिन ने पर्दे के लिए कितना भुगतान किया? |
| Ans | ✗ A. ₹5,479 |
| | ✗ B. ₹5,480 |
| | ✗ C. ₹5,476 |
| | ✓ D. ₹5,478 |

| | |
|---|---|
| Q.34 | नव्या और भव्या एक घर को क्रमशः 50 दिनों और 75 दिनों में पेंट कर सकती हैं। यदि वे भव्या से शुरुआत करते हुए, एकांतर दिनों पर काम करें, तो दोनों मिलकर उस घर को कितने दिन में पेंट कर सकती हैं? |
| Ans | ✓ A. 60 दिन |
| | ✗ B. 63 दिन |
| | ✗ C. 59 दिन |
| | ✗ D. 55 दिन |

| | |
|---|---|
| Q.35 | एक त्रिभुज XYZ में, $\angle X - \angle Y = 40^\circ$ और $\angle Y - \angle Z = 25^\circ$ है। $\angle Z$ का $\angle X - \angle Y$ से अनुपात कितना है? |
| Ans | ✗ A. 1 : 5 |
| | ✗ B. 2 : 3 |
| | ✗ C. 4 : 5 |
| | ✓ D. 3 : 4 |

| | |
|---|---|
| Q.36 | एक रेलगाड़ी 2091 m और 1259 m लंबी दो सुरंगों को क्रमशः 89 सेकंड और 63 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की लंबाई कितनी है? |
| Ans | ✗ A. 759 m |
| | ✓ B. 757 m |
| | ✗ C. 747 m |
| | ✗ D. 748 m |

| | |
|---|---|
| Q.37 | एक कक्षा के 91 विद्यार्थियों ने भौतिकी की परीक्षा दी। 12 विद्यार्थियों का औसत स्कोर 64 था। अन्य विद्यार्थियों का औसत स्कोर 77 था। पूरी कक्षा का औसत स्कोर (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) कितना होगा? |
| Ans | ✗ A. 79.4 |
| | ✗ B. 73.6 |
| | ✓ C. 75.3 |
| | ✗ D. 79.7 |

| Q.38 | एक विक्रेता अपने ग्राहकों को अपने सौंदर्य उत्पादों पर 29% की छूट देता है और फिर भी उसे 12% का लाभ होता है। ₹896 अंकित मूल्य वाले सौंदर्य उत्पाद का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 568 |
| | ✘ B. 574 |
| | ✘ C. 622 |
| | ✘ D. 721 |

| Q.39 | एक कार 60 km/hr की चाल से 180 km की दूरी तय करती है और फिर उसी रास्ते से 45 km/hr की चाल से वापस आती है। वापसी यात्रा में प्रस्थान यात्रा से कितने मिनट अधिक लगते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 15 मिनट |
| | ✘ B. 120 मिनट |
| | ✘ C. 80 मिनट |
| | ✔ D. 60 मिनट |

| Q.40 | विजय के हिंदी में प्राप्त अंकों का 2/5 भाग संस्कृत में उसके एक-तिहाई अंकों से 5 अधिक है, जबकि हिंदी में उसके अंकों का पांच गुना और संस्कृत में उसके अंकों का पांच गुना कुल मिलाकर 310 के बराबर है। संस्कृत में उसके अंक ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 35 |
| | ✘ B. 25 |
| | ✔ C. 27 |
| | ✘ D. 31 |

| Q.41 | एक व्यक्ति अपनी आय का 60% बचत करता है। यदि उसका व्यय ₹600 है, तो उसकी आय (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 1,540 |
| | ✘ B. 1,360 |
| | ✘ C. 1,240 |
| | ✔ D. 1,500 |

| Q.42 | प्रेक्षणों 65, 41, 96, 44, 38, 30, 79, 90 और 21 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 56 |
| | ✘ B. 64 |
| | ✘ C. 59 |
| | ✘ D. 62 |

| Q.43 | एक वॉशिंग मशीन की कीमत, एक टीवी की कीमत से 25% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 34% बढ़ जाती है और टीवी की कीमत 21% कम हो जाती है, तो 4 वॉशिंग मशीन और 2 टीवी की कुल कीमत में कितने प्रतिशत का परिवर्तन होगा? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 16% की कमी |
| | ✔ B. 12% की वृद्धि |
| | ✘ C. 19% की वृद्धि |
| | ✘ D. 9% की कमी |

| Q.44 | एक धनराशि A, B, C और D के बीच 6 : 7 : 17 : 19 के अनुपात में वितरित की जानी है। यदि C को B से ₹250 अधिक मिलते हैं, तो A को कितनी राशि प्राप्त हुई? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ₹147 |
| | ✘ B. ₹148 |
| | ✘ C. ₹149 |
| | ✔ D. ₹150 |

| Q.45 | एक बेलनाकार पाइप, जो दोनों सिरों से खुली है, का बाह्य व्यास 20 cm और आंतरिक व्यास 16 cm है। यदि पाइप की लंबाई 35 cm है, तो पाइप बनाने में प्रयुक्त धातु का आयतन ज्ञात कीजिए। (π = 22/7 का उपयोग कीजिए) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 3080 $cm^3$ |
| | ✓ B. 3960 $cm^3$ |
| | ✗ C. 3520 $cm^3$ |
| | ✗ D. 3360 $cm^3$ |

| Q.46 | $2.\overline{34} - 1.\overline{89}$ को सरल कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $\frac{47}{99}$ |
| | ✗ B. $\frac{5}{9}$ |
| | ✓ C. $\frac{4}{9}$ |
| | ✗ D. $\frac{9}{20}$ |

| Q.47 | एक व्यक्ति की आय और व्यय का अनुपात 9 : 5 है। उसकी आय में 60% की वृद्धि होती है जबकि व्यय में 10% की कमी आती है। यदि उसका प्रारंभिक व्यय ₹15,500 था, तो उसकी अंतिम बचत (₹ में) कितनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 30,960 |
| | ✗ B. 36,900 |
| | ✗ C. 39,600 |
| | ✓ D. 30,690 |

| Q.48 | यदि A : B = 4 : 6 तथा B : C = 7 : 12 है, तो A : B : C ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 14 : 21 : 36 |
| | ✗ B. 4 : 7 : 9 |
| | ✗ C. 4 : 31 : 21 |
| | ✗ D. 11 : 23 : 4 |

| Q.49 | ₹3,600 के मूलधन पर 3 वर्षों के लिए 15% वार्षिक और 4 वर्षों के लिए 14% वार्षिक की दर से गणना किए जाने वाले साधारण ब्याज के बीच कितना अंतर है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹416 |
| | ✗ B. ₹406 |
| | ✓ C. ₹396 |
| | ✗ D. ₹386 |

| Q.50 | एक पाइप एक टैंक को 4 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 8 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टैंक का एक-चौथाई भाग भरने में कितने मिनट लगेंगे? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✓ D. 2 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन:<br>सभी ब्लाइंडर, कर्टेन हैं।<br>सभी कर्टेन, डिवाइडर हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ डिवाइडर, कर्टेन हैं।<br>(II) सभी ब्लाइंडर, डिवाइडर हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✓ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |

| Q.52 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>TGA, UID, VKG, WMJ, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ZLM |
| | ✗ B. ZPN |
| | ✗ C. YON |
| | ✓ D. XOM |

| Q.53 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी शुतुरमुर्ग, कौवा हैं।<br>कुछ शुतुरमुर्ग, कबूतर हैं।<br>कुछ कबूतर, गौरैया हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ कौवा, कबूतर हैं।<br>(II) कुछ शुतुरमुर्ग, गौरैया हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल II अनुसरण करता है |
| | ✗ B. न तो I और न ही II अनुसरण करता है |
| | ✓ C. केवल I अनुसरण करता है |
| | ✗ D. I और II दोनों अनुसरण करते हैं |

| Q.54 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. OT-QM |
| | ✗ B. MR-OK |
| | ✗ C. QV-SO |
| | ✓ D. KP-MJ |

| Q.55 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>9 12 10 13 11 ? 12 |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 14 |
| | ✗ B. 15 |
| | ✗ C. 10 |
| | ✗ D. 9 |

| Q.56 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।<br>**KIND - NKID - DNIK**<br>**COST - SCOT - TSOC** |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ZONE - OZNE - EONZ |
| | ✗ B. SIGN - SGIN - NGIS |
| | ✗ C. LAST - SLAT - ASTL |
| | ✓ D. FROM - OFRM - MORF |

| Q.57 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'SKATE' को '51324' के रूप में और 'ASKEW' को '47315' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'W' के लिए कूट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 3 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✓ D. 7 |

| Q.58 | GB 15 का संबंध एक निश्चित तरीके से LF 12 से है। उसी प्रकार, MH 20 का संबंध RL 17 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PK 26 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. VN 23 |
| | ✓ B. UO 23 |
| | ✗ C. WQ 24 |
| | ✗ D. UN 24 |

| Q.59 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(14, 98, 7)<br>(6, 36, 6) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. (5, 25, 7) |
| | ✗ B. (8, 48, 7) |
| | ✗ C. (7, 49, 8) |
| | ✓ D. (12, 72, 6) |

| Q.60 | दी गई संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br>(बाएं) 6 8 5 2 4 9 1 6 3 2 7 1 6 9 3 8 5 4 2 1 7 8 6 5 9 7 2 (दाएं)<br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या आती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✗ B. दो |
| | ✓ C. तीन |
| | ✗ D. तीन से अधिक |

| Q.61 | सात डिब्बे, A, B, C, D, I, J और K, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों।<br>केवल B को I के ऊपर रखा गया है। केवल C को I और J के बीच में रखा गया है। केवल A को K के नीचे रखा गया है।<br>D और A के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✓ B. एक |
| | ✗ C. चार |
| | ✗ D. दो |

| Q.62 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. SNM |
| | ✗ B. VQP |
| | ✓ C. NIG |
| | ✗ D. RML |

| Q.63 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br>GLO163, RWZ145, CHK127, NSV109, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ZDG91 |
| | ✗ B. YUG91 |
| | ✗ C. YDH91 |
| | ✓ D. YDG91 |

| Q.64 | गौरव अपनी कक्षा में ऊपर से 13वें और नीचे से 33वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 33 |
| | ✗ B. 43 |
| | ✓ C. 45 |
| | ✗ D. 35 |

| Q.65 | अतुल बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 9 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 8 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 15 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 16 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 6 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. दक्षिण में 8 km |
| | ✗ B. दक्षिण में 7 km |
| | ✗ C. उत्तर में 8 km |
| | ✗ D. उत्तर में 7 km |

| Q.66 | संख्या 5236789 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पांच |
| | ✗ B. तीन |
| | ✓ C. चार |
| | ✗ D. छह |

| Q.67 | निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं) गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 7 6 1 8 4 3 9 2 7 5 8 3 4 1 6 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी अभाज्य संख्याएं हैं, जिनके ठीक बाद एक अभाज्य संख्या आती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. तीन से अधिक |
| | ✗ B. एक |
| | ✓ C. दो |
| | ✗ D. तीन |

| Q.68 | L, M, N, O, P और Q एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q, O के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। L, N के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M, Q के ठीक बाईं ओर पड़ोस में है। P के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. L |
| | ✗ B. Q |
| | ✓ C. N |
| | ✗ D. M |

| Q.69 | D, E, F, G, L, M और N एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>L और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E, N के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। F के दाएँ कोई नहीं बैठा है। F और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। M, D के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है।<br>G और M के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✗ B. चार |
| | ✓ C. दो |
| | ✗ D. तीन |

| Q.70 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>842 844 848 854 862 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 876 |
| | ✗ B. 874 |
| | ✗ C. 878 |
| | ✓ D. 872 |

| Q.71 | यदि + का अर्थ − है, − का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>28 − 19 ÷ 23 + 96 × 3 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 517 |
| | ✗ B. 541 |
| | ✓ C. 523 |
| | ✗ D. 508 |

| Q.72 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>19 36 53 70 87 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 103 |
| | ✗ B. 101 |
| | ✓ C. 104 |
| | ✗ D. 102 |

| Q.73 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>'A ? B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'<br>'A = B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'<br>'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'<br>'A √ B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'<br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'C @ D = E √ F ? L' है, तो C का L से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पिता |
| | ✓ B. पुत्री का पति |
| | ✗ C. पति |
| | ✗ D. बहन का पति |

| Q.74 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>43 C 80 A 8 D 6 B 5 = ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 23 |
| | ✗ B. 22 |
| | ✗ C. 24 |
| | ✗ D. 21 |

| Q.75 | PM 3 एक निश्चित तरीके से KP 17 से संबंधित है। उसी प्रकार NK 6, IN 20 से संबंधित है। समान तर्क का उपयोग करते हुए, TK 4 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. GY 13 |
| | ✗ B. NJ 12 |
| | ✗ C. UY 14 |
| | ✓ D. ON 18 |

| Q.76 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'cloud is dark' को 'dm ht ez' के रूप में तथा 'the blue cloud' को 'tz dm cm' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'cloud' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. dm |
| | ✗ B. ez |
| | ✗ C. cm |
| | ✗ D. tz |

| Q.77 | दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br>(बाएं) 3 3 9 5 9 1 5 5 4 2 6 9 5 5 8 5 3 2 8 6 7 6 3 6 4 9 1 (दाएं)<br>ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या तथा ठीक बाद में भी एक सम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 2 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✗ C. 5 |
| | ✗ D. 6 |

| Q.78 | दी गई संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br>(बाएं) 2 6 & 2 9 5 5 € 1 $ 1 6 @ & € # 3 @ £ % 4 9 (दाएं)<br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✓ B. दो |
| | ✗ C. चार |
| | ✗ D. एक |

| Q.79 | A, B, C, D, W, X और Y उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं।<br>D के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल A बैठा है। C और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X, Y के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन W के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।<br>W और Y के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. तीन |
| | ✗ B. दो |
| | ✗ C. एक |
| | ✗ D. चार |

| Q.80 | गौतम बिंदु Y से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 34 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 68 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 55 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 11 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 81 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 57 km गाड़ी चलाता है और बिंदु Z पर रुकता है। बिंदु Y तक दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पूर्व की ओर 61 km |
| | ✗ B. पश्चिम की ओर 63 km |
| | ✔ C. पश्चिम की ओर 60 km |
| | ✗ D. पूर्व की ओर 59 km |

## Section : General Awareness and Current Affairs

| Q.81 | किस प्रसिद्ध लेखक ने अपना पहला क्राइम उपन्यास 'एज़ डार्क एज़ ब्लड (As Dark As Blood)' जनवरी 2025 में विमोचित किया? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. यासर उस्मान |
| | ✗ B. नेहा दीक्षित |
| | ✗ C. बानू मुश्ताक |
| | ✗ D. शारिक उस सबा |

| Q.82 | अपनी सेवा में 57 स्थानांतरणों के लिए प्रसिद्ध कौन-से IAS अधिकारी अप्रैल 2025 में सेवानिवृत्त हुए? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. अशोक खेमका |
| | ✗ B. प्रियम सरोज |
| | ✗ C. दुर्गा शक्ति नागपाल |
| | ✗ D. केपीएस गिल |

| Q.83 | निम्नलिखित में से किसने, अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए विकसित 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर KALPANA3201 के पहले प्रोडक्शन लॉट को मार्च 2025 में डॉ. वी. नारायणन, सचिव, DOS /अध्यक्ष, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) को सौंप दिया? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. एस. कृष्णन, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) |
| | ✗ B. नरेंद्र मोदी, भारत के प्रधान मंत्री |
| | ✗ C. जितिन प्रसाद, राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) |
| | ✗ D. द्रौपदी मुर्मू, भारत की राष्ट्रपति |

| Q.84 | हॉकी के किस दिग्गज खिलाड़ी को 2025 में पद्म पुरस्कार प्राप्त हुआ? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. पी.आर. श्रीजेश |
| | ✗ B. संदीप सिंह |
| | ✗ C. मंदीप सिंह |
| | ✗ D. धनराज पिल्ले |

| Q.85 | जनवरी 2025 में, किन दो बैंकों ने कर्मचारियों को शून्य-प्रीमियम बीमा कवरेज प्रदान करने के लिए असम सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. भारतीय स्टेट बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया |
| | ✘ B. बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ इंडिया |
| | ✘ C. एक्सिस बैंक और HDFC बैंक |
| | ✘ D. इंडियन बैंक और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया |

| Q.86 | कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2024-25 के लिए भारत में अनुमानित कुल खाद्यान्न उत्पादन कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 3450.75 LMT |
| | ✘ B. 3600.20 LMT |
| | ✘ C. 3499.00 LMT |
| | ✔ D. 3539.59 LMT |

| Q.87 | भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास, नोमैडिक एलिफेंट (NOMADIC ELEPHANT) का कौन-सा संस्करण 31 मई से 13 जून 2025 तक मंगोलिया के उलानबटार में आयोजित किया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 17वां |
| | ✘ B. 13वां |
| | ✘ C. 19वां |
| | ✘ D. 15वां |

| Q.88 | जनवरी 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू और कश्मीर में किस सुरंग का उद्घाटन किया? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. पोरबंदर सुरंग |
| | ✔ B. सोनमर्ग सुरंग |
| | ✘ C. मुन्नार सुरंग |
| | ✘ D. हावड़ा सुरंग |

| Q.89 | OECD इकोनॉमिक आउटलुक (वॉल्यूम 2025 इशू 1) के अनुसार, 2025 के लिए प्रस्तावित OECD-व्यापी मुद्रास्फीति दर कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 3.2% |
| | ✔ B. 4.2% |
| | ✘ C. 4.8% |
| | ✘ D. 3.7% |

| Q.90 | निम्नलिखित में से कौन-सा संकेतक, 2025 में भारत सरकार द्वारा विकसित GoIStats ऐप में शामिल है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. अंतरिक्ष मिशन प्रक्षेपण और सैटेलाइट डिप्लॉयमेंट डेटा |
| | ✘ B. वैश्विक स्पोर्ट्स रैंकिंग और ओलंपिक पदक तालिका |
| | ✔ C. राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी और उपभोक्ता कीमत सूचकांक |
| | ✘ D. अंतर्राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और संगीत उद्योग डेटा |

| Q.91 | शतरंज के लिए जनवरी 2025 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार किसे प्रदान किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. डी. गुकेश |
| | ✘ B. अर्जुन एरिगैसी |
| | ✘ C. विश्वनाथन आनंद |
| | ✘ D. विदित गुजराती |

| Q.92 | जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2025 (Climate Change Performance Index 2025) में भारत का स्थान क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 10वां |
| | ✘ B. 8वां |
| | ✘ C. 14वां |
| | ✘ D. 12वां |

| Q.93 | निम्नलिखित में से किस वैश्विक शहर को 2025 में UNESCO द्वारा आधिकारिक तौर पर विश्व पुस्तक राजधानी 2025 (World Book Capital 2025) घोषित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. अक्करा |
| | ✘ B. लिस्बन |
| | ✘ C. मैड्रिड |
| | ✔ D. रियो डी जनेरियो |

| Q.94 | भारतीय रिजर्व बैंक (परियोजना वित्त) निर्देश, 2025 _________ से प्रभावी होंगे। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 1 अगस्त 2025 |
| | ✘ B. 1 नवंबर 2025 |
| | ✔ C. 1 अक्टूबर 2025 |
| | ✘ D. 1 सितंबर 2025 |

| Q.95 | फरवरी 2025 में प्रस्तुत केंद्रीय बजट, 2025-26 के अनुसार, भारत में प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगभग कितना फंड आवंटित किया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. ₹854 करोड़ |
| | ✘ B. ₹958 करोड़ |
| | ✘ C. ₹745 करोड़ |
| | ✘ D. ₹572 करोड़ |

| Q.96 | किस टेनिस खिलाड़ी ने 2025 में सर्वाधिक ग्रैंड स्लैम खिताब का रिकॉर्ड तोड़ा? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic) |
| | ✘ B. राफेल नडाल (Rafael Nadal) |
| | ✘ C. जैनिक सिनर (Jannik Sinner) |
| | ✘ D. कार्लोस अल्काराज (Carlos Alcaraz) |

| Q.97 | निम्नलिखित में से किस शहर में मार्च 2025 में दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा और विकास बोर्ड के शासी निकाय की 84वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन किया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. पुणे |
| | ✔ B. नई दिल्ली |
| | ✘ C. बेंगलुरु |
| | ✘ D. मुंबई |

| Q.98 | जून 2025 में किस भारतीय क्रिकेटर को ICC हॉल ऑफ फेम (Hall of Fame) में शामिल किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. महेंद्र सिंह धोनी |
| | ✘ B. शिखर धवन |
| | ✘ C. विराट कोहली |
| | ✘ D. रोहित शर्मा |

| | |
|---|---|
| Q.99 | सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क प्रगति रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, 2015-16 में 17.97% से 2024-25 में संसाधित अपशिष्ट का प्रतिशत कितना था, जो भारत में अपशिष्ट प्रबंधन दक्षता में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत देता है? |
| Ans | ✗ A. 55.65% |
| | ✓ B. 80.7% |
| | ✗ C. 45% |
| | ✗ D. 60% |

| | |
|---|---|
| Q.100 | कुशमैन एंड वेकफील्ड की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के किस शहर ने निर्माणाधीन डेटा सेंटर क्षमता के मामले में दुनिया भर में छठा स्थान हासिल करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है? |
| Ans | ✓ A. मुंबई |
| | ✗ B. बेंगलुरु |
| | ✗ C. दिल्ली |
| | ✗ D. हैदराबाद |

"